प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट का उद्घाटन करेंगे–दुनियाभर से निवेशक और कारोबारी जगत की हस्तियां पहुंची।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –निवेश सम्मेलन प्रदेश की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला।
- प्रधानमंत्री आज एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारम्भ करेंगे।
- सर्द हवाओं ने प्रदेश में ठण्ड़क बढाई–अगले दो दिनों में तापमान में और गिरावट के आसार।

000000

प्रदेश के आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार को बढावा देने के लिए आज से जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की शुरूआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह साढे दस बजे सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में श्री मोदी का उद्घाटन भाषण होगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी शुभारम्भ करेंगे। समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित रहेंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन में 32 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे है। दुनियाभर के निवेशक इस महाआयोजन में हिस्सा लेने के लिए जयपुर पहुंचे है। उद्घाटन सत्र के दौरान कारोबारी जगत की दिग्गज हस्तियां प्रदेश में निवेश को लेकर अपनी बात रखेंगी।
समिट में बारह थीम आधारित सत्र होंगे। इनमें महिला उद्यमिता विनिर्माण, जलप्रबंधन, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवायें, माइनिंग और पर्यटन सहित अन्य विषयों के सेशन शामिल है। इनके जरिये प्रदेश में आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढावा देने के प्रयासों पर चर्चा की जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि राजस्थान और प्रतिभागी देशों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढाने के लिए आठ देशों के कन्ट्री सेशन और राउन्ड टेबल का आयोजन किया जा रहा है।

......

समिट के दूसरे दिन कल प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन होगा। इसके जरिये दुनियाभर में फैले प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जायेगा। सम्मेलन के अंतिम दिन एमएसएमई कॉन्क्लेव रखा गया है जिसमें एमएसएमई उद्यमी, निवेशक और विशेषज्ञ शिरकत करेंगे।
निवेश सम्मेलन को देखते हुए राजधानी जयपुर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये है। शहर के विभिन्न मार्गो पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।
राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र का प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। बीकानेर में ये रविंद्र रंग मंच पर, अजमेर में सूचना केन्द्र सभागार और बाडमेर में कलक्ट्रेट सभागार में इसका प्रसारण होगा।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है। श्री शर्मा कल भारतीय उद्योग परिसंघ की नेशलन काउंसिल के सदस्यों के साथ चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीआईआई के सहयोग से निवेशकों के लिए एक परिपक्व मंच तैयार हुआ है। श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के पहले साल में ही इस समिट का आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जा सके। मुख्यमंत्री ने

प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि राजस्थान को विकास के नये युग में ले जाने के लिए सभी मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि राज्य में पांच नये औद्योगिक क्षेत्रों से कारोबार को बढावा मिल रहा है। बीकानेर के सत्तासर, सवाईमाधोपुर के बलारिया और जटलाव, बाडमेर के रामसर और नागौर के राजास औद्योगिक क्षेत्र का नाम बदलकर श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र किया गया है। इन क्षेत्रों को भूखण्ड आंवटन के लिए खोल दिया गया है। इसके साथ ही आठ नये औद्योगिक क्षेत्रों बिचून, दुब्बी–बिदरखा, चडुआल, झाक–सेंकेड, बबाई, गणेश्वर, पालरा विस्तार और रामगढ थोब की स्थापना का काम शुरू कर दिया गया है।

000000

0000

प्रधानमंत्री आज भारतीय जीवन बीमा निगम–एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। इसकी शुरूआत हरियाणा के पानीपत से होगी। देश के आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी बढाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए ये योजना शुरू की जा रही है। बीमा सखी योजना के तहत तीन साल में दो लाख महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं। योजना का लाभ लेकर बनने वाली बीमा सखी पहले साल 7 हजार रूपये, दूसरे साल 6 हजार और तीसरे साल 5 हजार रूपये मासिक वेतन प्राप्त कर सकेंगी।

00000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि हर नागरिक की सुरक्षा और उन्हें सुगम प्रशासन देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसे पूरा करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। श्री देवनानी कल अजमेर में दरगाह संपर्क सड़क पुलिस चौकी के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चौकी क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाएगी। यहां चौकी बनने से क्षेत्र की पुलिसिंग और ज्यादा मजबूत होगी। श्री देवनानी ने कहा कि इससे आसपास के क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों और अपराधियों पर अंकुश लगेगा।

00000

सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की ओर से कल ब्यावर के जेतारण में दिव्यांगो को स्कूटी और अन्य उपकरण वितरित किए गए। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने 43 स्कूटियों और 120 अंग उपकरणों का वितरण किया। इस अवसर पर श्री गहलोत ने कहा कि जल्द ही राज्य में पात्रता रखने वाले सभी वंचित दिव्यांगों को लाभान्वित किया जायेगा।

00000

देश और प्रदेश को पोलियोमुक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। जो बच्चे कल पोलियो की दवा पीने से वंचित रह गये थे उन्हें स्वास्थ्यकर्मी आज दवा पिला रहे है। कल भी घर–घर जाकर दवा पिलाने की मुहिम जारी रहेगी।

00000

भीलवाडा में भगवान देव नारायण की जन्मस्थली मालासेरी पर कल भक्ति महोत्सव का आगाज हुआ। दो दिन के इस उत्सव में बडी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल रात हुआ ड्रोन शो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। आज भक्ति संध्या का आयोजन होगा।

......

00000

प्रदेश में ठण्ड का असर तेज हो गया हैं। कई स्थानों पर सर्द हवाओं ने ठण्ड बढा दी है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटों में 16 से अधिक शहरों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। सबसे कम सात दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस तापमान सिरोही में दर्ज हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि माउंटआबू में कडाके की सर्दी का असर देखा जा रहा है।

......

भरतपुर में भी सुबह से ही ठण्डी हवाओं का दौर जारी है। ठिठुरन बढने से आम जनजीवन पर असर पड रहा है। जैसलमेर, हनुमानगढ, पाली और डीग में भी ठण्डी हवाओं से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में सर्दी का असर बढने और तापमान में गिरावट की संभावना जताई है। शेखावाटी सहित कुछ स्थानों पर शीत लहर चलने के आसार हैं।

00000